327330 - फॉरेक्स और सीएफडी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्मों का अनुवाद करने में काम करने का हुक्म

प्रश्न

मैं अनुवाद के क्षेत्र में काम करता हूँ। मैं जिस कंपनी में काम करता हूँ, वह बहुत सारी परियोजनाओं का अनुवाद करती है। हम इस बात का ध्यान रखते हैं कि किसी भी अवैध या निषिद्ध चीज़ का अनुवाद न करें। इस बीच, हमारे पास ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म से सबंधित परियोजनाएं आती हैं, जैसे : ओलिम्प ट्रेड प्लेटफ़ॉर्म और सैक्सो बैंक प्लेटफ़ॉर्म। ये एक से अधिक मामलों में काम करते हैं जैसे : “विकल्प (ऑप्शन) व्यापार – फॉरेक्स – इलेक्ट्रॉनिक मुद्राएँ ....”। क्या इस तरह की परियोजनाओं का अनुवाद करना और उन्हें बढ़ावा देने में मदद करना निषिद्ध है, अगर ये चीज़ें ह़राम (निषिद्ध) हैं?

उत्तर का सारांश

निषिद्ध (हराम) निवेश पर आधारित वेबसाइटों और प्लेटफार्मों का अनुवाद करना जायज़ नहीं है।

विस्तृत उत्तर

निषिद्ध निवेश पर आधारित वेबसाइटों और प्लेटफार्मों का अनुवाद करना जायज़ नहीं है, जैसे कि ऑप्शन ट्रेडिंग, फ्यूचर ट्रेडिंग (सीएफडी), मार्जिन ट्रेडिंग (फॉरेक्स), निषिद्ध शेयर और मुद्रा व्यापार की साइटें जहाँ शरई विनिमय नहीं होता है। क्योंकि इसमें निषिद्ध (हराम) चीज़ में मदद करना पाया जाता है, और अल्लाह सर्वशक्तिमान ने फरमाया है :

﴿وَتَعَاوَنُوا عَلَى الْبِرِّ وَالتَّقْوَى وَلا تَعَاوَنُوا عَلَى الْإِثْمِ وَالْعُدْوَانِ وَاتَّقُوا اللَّهَ إِنَّ اللَّهَ شَدِيدُ الْعِقَابِ﴾ [المائدة : 2]

"नेकी और तक़्वा (परहेज़गारी) के कामों में एक-दूसरे का सहयोग किया करो तथा पाप और अत्याचार में एक-दूसरे का सहयोग न करो, और अल्लाह से डरते रहो। नि:संदेह अल्लाह कड़ी यातना देने वाला है।" (सूरतुल मायदा : 2)

तथा मुस्लिम (हदीस संख्या : 1598) ने जाबिर रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है कि उन्होंने कहा : अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने सूद खाने वाले पर और सूद खिलाने वाले पर और सूद लिखने वाले पर और सूद के गवाहों पर ला’नत (धिक्कार) भेजी है। और फरमाया : वे सब बराबर हैं।”

नववी रहिमहुल्लाह ने कहा : “यह दो सूद का लेन-देन करने वालों के बीच विक्रय के अनुबंध को लिखने और उन दोनों पर गवाह बनने को निषिद्ध ठहराने का स्पष्ट वर्णन है। तथा इसमें असत्य और झूठ में सहयोग करने को निषिद्ध (हराम) ठहराया गया है।” “शर्ह मुस्लिम” (11/26) से उद्धरण समाप्त हुआ।

हम इन लेनदेन के निषेध और उनपर आधारित वेबसाइटों और कंपनियों के साथ काम करने के निषेध के बारे में पहले ही बात कर चुके हैं।

ओलिंप व्यापार मंच, निषिद्ध फॉरेक्स पर आधारित है। इसलिए इस मंच का अनुवाद करना जायज़ नहीं है। इसी तरह सैक्सो बैंक मंच का भी अनुवाद करना जायज़ नहीं है। क्योंकि यह निषिद्ध फॉरेक्स के अलावा : सीएफडी के अनुबंधों, आस्थगित अनुबंधों और सभी प्रकार के शेयरों के साथ लेन-देन करता है।

अतः ऐसी चीज़ों का अनुवाद करने से सावधान रहें जिनसे लोगों के बीच बिगाड़ (भ्रष्टाचार) और निषिद्ध चीज़ें फैलती हैं। और जिसने अल्लाह के लिए कोई चीज़ छोड़ दी, अल्लाह उसे बदले में उससे बेहतर चीज़ प्रदान करेगा।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।